दिन– मंगलवार | दिनांक– 13/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि– 15 मिनट

---

01. राज्य मंत्रिमंडल ने बिहार और झारखंड के बीच सोन नदी जल बंटवारे के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

02. प्रदेश में अस्सी वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों को अब घर पर ही जमीन और फ्लैट रजिस्ट्री की मिलेगी सुविधा।

03. नये उद्योगों की स्थापना के लिए राज्य सरकार छब्बीस हजार करोड़ रुपये की लागत से भूमि बैंक का करेगी गठन।

04. और, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नवीन उन्नीस जनवरी को करेंगे नामांकन। बीस जनवरी को नये अध्यक्ष की होगी घोषणा।

---

राज्य मंत्रिमंडल ने बिहार और झारखंड के बीच सोन नदी जल बंटवारे से संबंधित एकरारनामा प्रारूप को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके साथ ही वर्षों से लंबित इंद्रपुरी जलाशय परियोजना के कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कैबिनेट विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी ने बताया कि अब सोन नदी से बिहार को पांच दशमलव सात–पांच मिलियन एकड़ फीट पानी, जबकि झारखंड को दो मिलियन एकड़ फीट पानी मिलेगा।

–––बाइट–––

अपर मुख्य सचिव ने बताया कि बैठक में अलग–अलग विभागों में कुल नौ सौ इकसठ पदों पर नियुक्ति का फैसला किया गया। सबसे अधिक छह सौ चौरानवे पदों पर कृषि विभाग में नियुक्ति होगी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने रोहतास में सीमेंट फैक्ट्री की स्थापना को भी मंजूरी प्रदान की। इसके लिए एक सौ सात करोड़ बत्तीस लाख रुपये की स्वीकृति दी गयी है। इसके अलावा, रोहतास के बंजारी स्थित डालमिया सीमेंट फैक्ट्री के विस्तार को भी मंजूरी प्रदान की गई।

---

कैबिनेट ने पीएमश्री योजना के तहत चालू वित्तीय वर्ष में सात सौ उनासी माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों के लिए चौदह अरब पचासी करोड़ रुपये की

राशि को मंजूरी प्रदान की। एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने कंडक्टर लाइसेंस के लिए शैक्षणिक योग्यता को दसवीं से घटाकर आठवीं करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। श्री चौधरी ने बताया कि कैबिनेट ने दरभंगा हवाई अड्डे के पास लॉजिस्टिक पार्क और कार्गो हब के निर्माण के लिए चिन्हित पचास एकड़ भूमि के अधिग्रहण के लिए एक सौ अड़तीस करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की।

———बाइट———

एक अन्य फैसले में कैबिनेट ने सात निश्चय–तीन के तहत योजनाओं के पर्यवेक्षण और अनुश्रवण का जिम्मा बिहार विकास मिशन को सौंपने के प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान की।

---

बिहार में सात निश्चय–तीन के तहत अस्सी वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों को अब घर पर ही जमीन और फ्लैट की रजिस्ट्री करने की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि यह सुविधा एक अप्रैल से प्रभावी होगी। उन्होंने बताया कि मद्य निषेध, उत्पाद और निबंधन विभाग द्वारा चलंत निबंधन इकाई के माध्यम से निबंधन की सुविधा प्रदान की जाएगी। निबंधन की प्रक्रिया सात कार्यदिवस के अंदर सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने लोगों से इस संबंध में उन्नीस जनवरी तक सुझाव भी मांगे हैं।

---

ऊर्जा विभाग ने सात निश्चय–तीन के तहत बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक सप्ताह के सोमवार और शुक्रवार को जनसुनवाई की व्यवस्था की है। विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि प्रत्येक अंचल कार्यालय में सोमवार को दोपहर बारह बजकर तीस मिनट से दो बजे तक और प्रत्येक शुक्रवार को दोपहर तीन बजे से शाम चार बजकर तीस मिनट तक उपभोक्ताओं की समस्याओं का समाधान होगा। नई व्यवस्था उन्नीस जनवरी से प्रभावी होगी।

---

उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा है कि प्रदेश में नये उद्योगों की स्थापना के लिए सरकार भूमि बैंक का गठन करेगी। किशनगंज में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि इसके लिए लगभग छब्बीस हजार करोड़ रुपये खर्च कर भूमि अधिग्रहण किया जाएगा। श्री जायसवाल ने कहा कि इससे नये उद्योगों को जमीन

मिलने में आसानी होगी और निवेशकों को आकर्षित किया जाएगा। उद्योग मंत्री ने कहा कि गया और औरंगाबाद समेत कई जिलों में औद्योगिक पार्क बनाए जा रहे हैं।

———बाइट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना के तहत एक सौ इक्कीस युवाओं का चयन कर उन्हें आईआईएम, बोधगया द्वारा लोकनीति और सुशासन में प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। दो साल की फेलोशिप अवधि के दौरान चयनित छात्रों को अस्सी हजार रुपये से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक मासिक मानदेय प्रदान किया जाएगा। आईआईएम, बोधगया की निदेशक डॉक्टर विनिता सिंह सहाय ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। फेलोशिप योजना की विस्तृत जानकारी आईआईएम बीजी डॉट एसी डॉट आइएन पर उपलब्ध है।

———बाइट———

———————————————————————————

खाद्य और उपभोक्ता मंत्रालय की सचिव निधि खरे ने कहा है कि उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ई—जागृति प्लेटफॉर्म एक बड़ी पहल के रूप में सामने आया है। श्रीमती खरे आज पटना में पूर्वी क्षेत्र के राज्यों के उपभोक्ता मामलों की कार्यशाला को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि ई—जागृति प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने से लेकर मामलों का निपटारा तक, सब कुछ डिजिटल स्वरूप में हो रहा है। श्रीमती खरे ने कहा कि दो हजार तेईस में समाधान का दर सड़सठ दिन था, जो दो हजार पच्चीस के अंत में घटकर इक्कीस दिन हो गया है। कार्यशाला को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने भी संबोधित किया।

———————————————————————————

केंद्र सरकार के हस्तक्षेप के बाद प्रमुख डिलीवरी एग्रीगेटर्स ने दस मिनट की डिलीवरी सेवा की समय सीमा हटाने पर सहमति जताई है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि डिलीवरी के समय को लेकर चिंताओं को दूर करने के लिए ब्लिंकिट, ज़ेप्टो, ज़ोमैटो और स्विगी सहित प्रमुख कंपनियों के साथ बैठक आयोजित की गई। इसका उद्देश्य गिग वर्कर्स के लिए अधिक सुरक्षा, संरक्षा और बेहतर कामकाजी परिस्थितियों को सुनिश्चित करना है। सूत्रों ने बताया कि बैठक के बाद ई—कॉमर्स कंपनी ब्लिंकिट ने निर्देश पर अमल करते हुए अपने ब्रांडिंग से दस मिनट की डिलीवरी का वादा हटा

दिया है। आने वाले दिनों में अन्य एग्रीगेटरों द्वारा भी इस निर्देश का पालन किए जाने की उम्मीद है।

---

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए उन्नीस जनवरी को नामांकन करेंगे। नामांकन प्रक्रिया के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावक के तौर पर मौजूद रहने की संभावना है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद बीस जनवरी को नये पार्टी अध्यक्ष के निर्वाचन की औपचारिक घोषणा होगी।

---

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश बिहार विधानसभा स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे। उन्होंने नई दिल्ली में श्री बिरला और श्री हरिवंश से मुलाकात कर दोनों नेताओं को समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। समारोह सात और आठ फरवरी को पटना में आयोजित होगा।

---

मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज पटना स्थित अपने सरकारी आवास पर दही–चूड़ा भोज का आयोजन किया। इस भोज में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों समेत एनडीए के विभिन्न घटक दलों के नेता शामिल हुए। भोज में जनशक्ति जनता दल प्रमुख तेज प्रताप यादव भी सम्मिलित हुए। बाद में संवाददाताओं से बातचीत में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व परिवर्तन और जीवन में गतिशीलता का प्रतीक है।

–––बाइट–––

---

बिहार राज्य महिला आयोग ने पूर्णिया के डगरूआ थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म और पटना के चित्रगुप्त नगर थाना क्षेत्र में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने इन दोनों मामलों में नियमानुसार जांच करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने और इसकी रिपोर्ट आयोग को सौंपने का प्रशासन को निर्देश दिया है।

---

निगरानी जांच ब्यूरो की टीम ने गोपालगंज जिले के बरौली अंचल में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी विजय कुमार सिंह को साढ़े छह हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार राजस्वकर्मी शिकायतकर्ता से जमीन के दाखिल–खारिज के एवज में घूस ले रहा था।

---

अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होने से ठंड में कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य का अधिकतम तापमान बीस दशमलव छह डिग्री से सत्ताईस डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। वहीं, पांच दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। कल सुबह राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

---

युवा, रोजगार और कौशल विकास विभाग की ओर से सोलह, सत्रह और बीस जनवरी को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, पटना में जॉब कैम्प का आयोजन किया जायेगा। विभाग ने कहा है कि इच्छुक युवा शैक्षणिक योग्यता संबंधित प्रमाण पत्र, बायोडाटा, आधार कार्ड समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ जॉब कैम्प में शामिल हो सकते हैं।

---

पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह में बारह विभागों की झांकियां प्रदर्शित की जायेंगी। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्यागराजन एस.एम. ने बताया कि सरकार के विकासात्मक और लोक कल्याणकारी योजनाओं, समाज सुधार अभियान और महिला सशक्तिकरण से जुड़ी झांकी निकाली जायेगी।

---

रोहतास जिले के काराकाट बाजार से पुलिस ने कुख्यात अपराधी विष्णु कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी की पुलिस को कई मामलों में तलाश थी।

---

बेगूसराय में पिछले दिनों एक फायनांस कंपनी के कर्मी से हुई लूट के मामले में पुलिस ने सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास दो पिस्तौल और कारतूस बरामद किये गये हैं।

---

भागलपुर जिले के नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत अमरी गांव में आग लग जाने से पांच घर जलकर नष्ट हो गए। अगलगी में छह मवेशियों की भी झुलसकर मौत हो गई।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. राज्य मंत्रिमंडल ने बिहार और झारखंड के बीच सोन नदी जल बंटवारे के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।

02. प्रदेश में अस्सी वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों को अब घर पर ही जमीन और फ्लैट रजिस्ट्री की मिलेगी सुविधा।

03. नये उद्योगों की स्थापना के लिए राज्य सरकार छब्बीस हजार करोड़ रुपये की लागत से भूमि बैंक का करेगी गठन।

04. और, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नितिन नवीन उन्नीस जनवरी को करेंगे नामांकन। बीस जनवरी को नये अध्यक्ष की होगी घोषणा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।